जनपद प्रतापगढ हेतु A to Z सामग्री।

1	Investment Opportunity-Land Availability (Hotel/ Gest House/ Dormitories/ Public amenities)	जनपद प्रतापगढ प्रयागराज मण्डल का ऐतिहासिक जनपद है। प्रतापगंढ को पूर्व बेल्हा के नाम से भी जाना जाता था। यह जनपद अपने ऑवला उत्पाद के लिये विश्व प्रसिद्ध है। यहां स्थित किले व महल इसकी शाही विरासत के प्रमाण है। यहां के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल मां बेल्हा देवी मन्दिर, घुइसनाथ धाम, बाबा बेलखर नाथ धाम, भक्ति धाम, गौरी शंकर महादेव धाम, बाबा भयहरननाथ धाम, शनिदेव मंन्दिर, चौक घण्टाघर, सिटी प्रतापगढ किला, कालाकाकर किला, कहलाशहीद स्मारक इत्यदि है। राम गमन पथ पर स्थित होने के कारण यहां निवेश के पर्याप्त अवसर है। ऑवला के उत्पादों के निर्यात तथा सई और गंगा नदी की उपस्थिति के कारण इकोटूरिज्म की अपार सम्भावना भी है। पर्यटन विभाग का एक अतिथि गृह जो भूपिया मऊ है, उसे पीपीपी मोड पर दिये जाने की प्रकिया निदेशालय स्तर पर प्रचलन में है। उद्यमियों के लिये निवेश हेतु यह अच्छा विकल्प होगा।
2	Events-Date & Month	उत्तर प्रदेश दिवस 24–25 जनवरी। प्रतापगढ महोत्सव 2025 का आयोजन की इयी समय प्रस्तावित है। राष्ट्रीय एकता महोत्सव महाशिवरात्रि पर आयोजित होता है, लालगंज, घुईसरनाथ धाम।
3	Fairs & Festival	प्रत्येक सावन में बाबा बेलस्वर नाथ, गौरीशंकर महादेव एवं अन्य शिवालयों के पास स्थानीय मेले लगते है। नवरात्रि में बेल्हा देवी मन्दिर और निकटवर्ती क्षेत्रों में अन्य मेला लगता है। साथ ही महाशिवरात्रि पर भी यहां मेला लगता है।
4	Arti (Timing)	बेल्हा देवी मंदिर के साथ–साथ समस्त प्रमुख मंदिरों में प्रातः कालीन सायंकालीन एवं शयन आरती होती है।
5	Craft	समस्त स्थानीय हस्तशिल्प जैसे लकडी के बतैन, मूर्तियां, आभूषण,बांस के स्थानीय उत्पादों का निर्माण स्थानीय स्तर पर होता है। यहां का ओडीओपी आंवला है जिसको कई सारे उद्योग यहां स्थापित है।
6	Cuisine	सभी प्रकार का उत्तर भारतीय भोजन के साथ रियासतों से जुडे होने के कारण शाही भेजन भी यहां की विशेषता रही है। वर्तमान उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय चाइनीज के साथ–साथ मांसाहारी भेजन आसानी से होटल एवं रेस्टोरेन्ट में उपलब्ध है।
7	Shopping	जनपद में पंजाबी मार्केट एवं चिलबिला मार्केट में समस्त आवश्यक वस्तुये मिल जाती है। साथ ही कइ मार्ट इत्यादि भी है। इसके अतिरिक्त कुण्डा रानीगंज, बाबागंज, के बाजार में भी स्थानीय उत्पादों के साथ आधुनिक सामान उपलब्ध है।
8	Stay	सर्किट हाउस, सिंचाई विभाग के गेस्ट हाइस के साथ कई स्तरीय होटल धर्मशालाये पर्यटको के लिये उपलब्ध है।